T-20 लीग 2017 पाइए फटाफट क्रिकेट के रोमांच का विस्तृत कवरेज देखिए T-20 लीग स्पेशल

इटावा में प्रदेश की पहली ई-लाइब्रेरी, वाई-फाई और प्रोजेक्टर से लैस

By Nawal Mishra Publish Date:Fri, 04 Mar 2016 08:05 PM (IST) | Updated Date:Fri, 04 Mar 2016 08:14 PM (IST)

Share Like 0 G+1 0



लखनऊ। इटावा का राजकीय जिला पुस्तकालय अब अत्याधुनिक स्वरूप लेगा। यह पूर्णत: वातानुकूलित होने के साथ ही प्रदेश का पहला ऐसा पुस्तकालय बन जाएगा, जिसका चयन राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (नेशनल मिशन ऑन लाइब्रेरी-एनएमएल) के तहत हुआ है। हालांकि इलाहाबाद सेंट्रल स्टेट लाइब्रेरी का भी इसमें चयन हुआ है, लेकिन राजकीय जिला पुस्तकालयों में मात्र इटावा को ही इसके उपयुक्त पाया गया। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की इस योजना में पूरे देश से इस प्रकार के मात्र 24 पुस्तकालयों का चयन किया गया है। बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा प्रस्तावित प्रदेश के जिला पुस्तकालयों के उन्नयन की दिशा में 2015-16 में प्रदेश के 16 पुस्तकालयों को चुना गया था।

होगा कायाकल्प

14 कंप्यूटर, इंटरनेट, स्कैनर -वाई-फाई, एलसीडी प्रोजेक्टर, बार कोड स्कैनर, प्रिंटर, वीडियो कैमरा, सीसीटीवी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

इटावा का राजकीय जिला पुस्तकालय अब अत्याधुनिक स्वरूप लेगा। यह पूर्णत: वातानुकूलित होने के साथ ही प्रदेश का पहला ऐसा पुस्तकालय बन जाएगा, जिसका चयन राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (नेशनल मिश

रूम, सौ से अधिक क्षमता का वाचनालय, चिल्ड्रंस रूम, खेल-खिलौने, विभिन्न किताबें, महिला कक्ष, वरिष्ठ नागरिक कक्ष, दिव्यांग कक्ष, व्हील चेयर, ब्रेल बुक्स, बोलती किताबें, ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग, वाटर प्यूरीफायर, सोलर सिस्टम, जेनरेटर, विभिन्न विषयों व समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं की लगभग 40 हजार किताबें, महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय, कोटा स्टोन से फर्श, आधुनिकतम प्रकाश व्यवस्था। इसके लिए 87 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं और निर्माण का जिम्मा कार्यदायी संस्था आरईएस को सौंपा गया है। दिसंबर तक इसके निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम में इंटरनेट युक्त कंप्यूटर उपलब्ध रहेंगे जिनमें पुस्तकालय के सदस्य किसी भी ऑनलाइन पुस्तकों को पढ़ सकेंगे। उल्लेखनीय है कि पुस्तकालयाध्यक्ष केबी दोहरे के अथक प्रयासों का ही परिणाम है जो इसे प्रदेश में सर्वोच्च पुस्तकालय का दर्जा मिल रहा है।

पढ़ सकेंगे किसी भी लाइब्रेरी की पुस्तक

पुस्तकालयाध्यक्ष केबी दोहरे ने बताया कि यहां पर ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर की सहायता से किताबों की ई-कैटलॉगिंग की जा रही है, जिससे किसी अन्य लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तक को सदस्य इसी लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ सकेंगे। 50 रुपये वार्षिक सदस्यता शुल्क और सिक्योरिटी मनी (बच्चों हेतु 500, वयस्कों हेतु 1000 रुपये) देकर इन सुविधाओं का प्रयोग कर सकते हैं।

विवाह प्रस्ताव की तलाश कर रहे हैं? भारत मैट्रिमोनी में निःशुल्क रजिस्टर करें ! Sponsored

मोबाइल पर भी अपनी पसंदीदा खबरें और मैच के Live स्कोर पाने के लिए जाएं m.jagran.com पर

Tags: #Etawah #UP education #First e-library #WiFi #Uttar pradesh

Web Title: First e-library of Uttar pradesh in Etawah

(Hindi news from Dainik Jagran, newsnational Desk)

कमेंट करें